मंगलवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
21 अप्रैल 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 87
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com
Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# भाजपा नेता की हत्या व अपहरण का प्रयास!

## ❑पिस्टल निकाल कर दी जान से मारने के धमकी



हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून की कानून व्यवस्था किस तरह से चरमरा गयी है। इसकी बानगी बीते रोज पटेलनगर क्षेत्र में सामने आयी है। यहां कार सवार कुछ बदमाशों द्वारा जहां एक भाजपा नेता को जान से मारने का प्रयास किया गया लेकिन जब यह प्रयास असफल रहा तो फिर उसके अपहरण की कोशिश की गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष पर कार से टक्कर मारकर हत्या का प्रयास किया गया और उसके बाद जबरन अपहरण करने की कोशिश की गई। घटना के दौरान पीड़ित की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और एक मकान की दीवार भी टूट गई। पीड़ित 26 वर्षीय हर्ष वालिया नयागांव चंद्रबनी निवासी हैं। वे गौतम कुंड स्थित एक कैफे से शाम को लौट रहे थे। तभी पीछे से एक सफेद रंग की एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तेज रफ्तार की वजह से हर्ष वालिया सड़क पर गिर गए।

इस बीच कार से उतरकर आए युवकों ने तुरंत उनके सिर पर पिस्टल तान दी। जबकि दूसरी कार से कुछ और युवक पहुंचे और पीड़ित को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाने की कोशिश करने लगे। हर्ष वालिया ने शोर मचाया तो आसपास के स्थानीय लोग मौके पर जुटने लगे। आरोपियों ने जान से मारने की धमकियां देते हुए उन पर मारपीट भी शुरू कर दी।

हर्ष वालिया ने मौके का फायदा उठाते हुए पास की दीवार फांदकर भाग निकलने में सफलता पाई। घटना में उनकी बाइक पूरी तरह से बर्बाद हो गई। एक मकान की बाउंड्री वॉल भी टूट गई। पीड़ित ने बाद में पटेलनगर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि यह हमला प्लान्ड था। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में चार मुख्य आरोपियों के नाम लिए हैं- हार्दिक शर्मा, अभिषेक वर्मा, अभिनव काकरान और चेतन्य शर्मा। इनके अलावा तीन अन्य अज्ञात युवक भी शामिल बताए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले क्लेमनटाउन थाने में एक मामले को लेकर इन युवकों से उनकी बहस हुई थी, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। बहरहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# खड़े ट्रक से टकराई कार: महिला की मौत,6 घायल





हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क दुर्घटना में आज सुबह सरिया लादकर खड़े ट्रक से कार टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर कटर से कार को काटकर शव निकाला। जिसको रेगुलर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह चौकी व्यासी से एसडीआरएफ टीम को सूचना प्राप्त हुई कि कौडियाला क्षेत्र में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें कुछ व्यक्तियों के घायल होने की सूचना है। सूचना पर एसडीआरएफ टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पाया गया कि सरिया से लदा एक भारी ट्रक खड़ा था, जिससे एक कार टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। कार में चालक सहित कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें 5 महिलाएं एवं 3 पुरुष शामिल थे। दुर्घटना में एक महिला, धूमा देवी (पत्नी स्व. दिलवर सिंह), आयु लगभग 55 वर्ष, की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। महिला का शव वाहन में बुरी तरह फंसा हुआ था, एसडीआरएफ टीम द्वारा वाहन को काटकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। शव को अग्रिम कार्रवाई हेतु सिविल पुलिस के सुपुर्द किया गया। अन्य सभी घायलों को सामान्य चोटें आई हैं जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# भाजपा ने खुद मारी पैरों पर कुल्हाड़ी

महिलाओं को राज्यों की विधानसभाओं तथा संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा नारी वंदन बिल लाया गया तथा इसे एक मास्टर स्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा था वह बिल ही भाजपा और सरकार के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन जाएगा? यह किसी ने भी नहीं सोचा था। सत्ता शीर्ष पर बैठे नेताओं की गलत सोच ने अब उन्हें पूरी तरह से एक्सपोज कर दिया है। विपक्ष इस बात को अच्छी तरह से जानता था कि इस बिल का विरोध करने का मतलब है अपना इतना बड़ा नुकसान करना कि उनका कभी सत्ता में आने का सपना पूरा नहीं हो सकता वहीं सत्ता में बैठे लोग भी जानते थे कि अगर महिलाओं को अपने पाले में खड़ा कर लिया तो वह हमेशा अजेय बने रहने की किसी गारंटी से कम नहीं होगा। मगर भाजपा के नीतिकारों की कुछ गलतियों के कारण अब उनका पूरा खेल खराब हो चुका है। पीएम मोदी अब भले ही कितने भी घड़ियाली आंसू बहा ले और कांग्रेस तथा विपक्ष पर आरक्षण बिल की भ्रूण हत्या करने का आरोप लगा दें उनका कोई दांव पेच काम आने वाला नहीं है। ऐसा नहीं है कि उनके पास इस बात के पर्याप्त अवसर नहीं थे कि वह नए संसद भवन में अपने सबसे पहले लाये गए बिल को लेकर उसी समय 2011 की जनगणना के आधार पर किए गए परिसीमन के अनुरूप लागू कर देना चाहिए था। आज अगर विपक्ष के नेता और तमाम महिलाएं इस बात का आरोप लगा रही है कि सरकार महिलाओं को आरक्षण देना ही नहीं चाहती है तो यह एक सच्चाई है। सरकार ने इसे 2026 से होने वाली जनगणना और नए परिसीमन तक लटकाए क्यों रखा? सरकार को इसे लागू करने से पहले ही इसमें संशोधन की जरूरत क्यों पड़ गई? जब सरकार जानती थी कि उनके पास संविधान संशोधन के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं है और बिल पास नहीं हो सकता तब इस बिल को क्या जानबूझकर इसलिए लाया गया था। प्रधानमंत्री द्वारा अपने राष्ट्रीय संबोधन में जो रोना पिटना किया गया और जिस तरह विपक्ष पर वह बरसे तथा बिल गिरने पर भाजपा की महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया? वह सब भाजपा की एक सूची समझी नौटंकी ही थी। इसका सच अब पूरे देश के सामने आ गया है सोशल मीडिया पर सरकार के इस कृत्य को लेकर उनकी जिस तरह थू-थू हो रही है और भाजपा के वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे तथा मुरली मनोहर जोशी ने पीएम मोदी और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा की दुर्दशा करने का आरोप लगाया है और देशभर में कांग्रेस की महिलाओं द्वारा पीएम के पुतले फूके जा रहे हैं और भाजपा के खिलाफ नारीबाजी की जा रही है तथा भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ किए गए कुकृत्यों का इतिहास उन्हें याद दिलाया जा रहा है तो यह समझने के लिए काफी है कि भाजपा ने इस महिला आरक्षण बिल को लेकर जो तमाशा किया है या करना चाहती थी उसका पूरा सच अब जनता के सामने आ चुका है। वह बिहार की तरह महिलाओं के खातों में पैसे भेज कर और महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति करके उनसे अब भविष्य में वोट नहीं ले सकते हैं।

# सैनिक कल्याण मंत्री ने दिवंगत उपनलकर्मी के परिजनों को सौंपा 50 लाख रुपये का चेक

संवाददाता

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में दिवंगत उपनल कर्मचारी कविता गुसाईं के परिजनों को उपनल द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से 50 लाख की शेष बीमा राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान दिवंगत कर्मचारी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक के साथ हुए एमओयू के तहत उपनल कर्मचारियों के लिए 50 लाख रूपये का आकस्मिक दुर्घटना बीमा कवर सुनिश्चित किया गया है। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को यह सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि अब तक 8 पीड़ित आश्रितों को यह बीमा राशि दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस बीमा राशि को 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रूपये करने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि प्रभावित परिवारों को और अधिक राहत मिल सके। गौरतलब है कि 10 जुलाई को कविता गुसाईं ड्यूटी से घर लौटते समय रायपुर-लाडपुर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनकी बाद में मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर दिवंगत कर्मचारी की माता निर्मला देवी, निदेशक ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट (सेवानिवृत्त), डीजीएम कर्नल राजेश नेगी (सेवानिवृत्त) एवं डीजीएम मेजर हिमांशु रौतेला (सेवानिवृत्त) पीएनबी बैंक जोनल मैनेजर अनुपम, डीजीएम पीएनबी अभिनंदन सिंह, एजीएम चर्तुभुज, आशीष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# बीजेपी में 'भगदड़' कांग्रेस में 'फूट'

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजनीति के अपने ही अलग और अनोखे रंग चुनावी साल में बार-बार दिखते है। उत्तराखंड में विधानसभा के चुनाव की घोषणा से पूर्व भाजपा में जहां 'भगदड़' मची है, वही कांग्रेस में 'फूट' भी सार्वजनिक हो गई है। चुनाव से पूर्व राजनैतिक दलों का यह ट्रेंड आज नया नहीं है। देश के इतिहास में अभी तक हुए चुनावों में यह सामान्य रूप से चलता आ रहा है और आगे भी चलता रहेगा। क्योंकि यह राजनीति का ही एक अनोखा रूप है।

बता दें कि उत्तराखंड में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पूर्व सभी दल अपनी हलचलें तेज कर देते हैं और चुनाव आते-आते यह अपने चरम पर होती है। प्रदेश में दो प्रमुख दलों के बीच मुख्य मुकाबला होता है और यह मुकाबला किसी महाभारत से कम नहीं होता है। राजनैतिक दल इसके लिए एक साल से तैयारियों में लगे रहते है। एक-दूसरे दल से लोगों को तोड़ना और जोड़ना चुनाव से पूर्व लगा रहता है। इससे दलों में फूट और भगदड़ मचना स्वाभाविक है। प्रदेश में वैसे भी भाजपा और कांग्रेस में यह साफ देखा जाता है। हालांकि प्रदेश में क्षेत्रिय दल भी है, लेकिन इस दल से जुड़ेे लोग दल में लंबे समय से है और दल के प्रति अपनी निष्ठा को निभाते है।

दूसरी ओर चुनावी साल में भाजपा-कांग्रेस में नेताओं का आना और जाना लगा रहता है। पहले यहां भाजपा की बात करें तो भाजपा वर्तमान समय में सत्ता में है और सत्ता के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए अपनी पकड़ बनाने के लिए सभी हथकंडे अपनाने में लगी है। सरकार में रहते हुए भाजपा सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को तो खुश नहीं कर सकती है। इसलिए भाजपा से नाराज लोगों का कांग्रेस में जाना स्वाभाविक है। यह कहा जाए कि चुनावी साल में भाजपा में भगदड़ मची है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण भी पिछले दिनों सामने आया है।



❑चुनाव से पूर्व राजनैतिक दलों का यह ट्रेंड आज नया नहीं
❑पार्टियों में 'बगावत' आम बात, प्रजातंत्र की है एक प्रक्रिया
❑दलों में जुड़ने व टूटने का सिलसिला रहता है लगातार जारी

भाजपा के छह बडेे नेता कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके साथ ही अगर कांग्रेस के दावों को सच माने तो कई भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल होने के लिए कांग्रेस के संपर्क में है। यह अपने आप में यह दर्शाता है कि भाजपा में भगदड़ मची है और आगे ओर भी भगदड़ मचेगी।

दूसरी ओर कांग्रेस की बात करें तो कांग्रेस में छह भाजपा नेताओं के शामिल होने के साथ ही फूट पड़ गई और यह फूट सावजनिक हो गई है। कांग्रेस के बडेे नेता के राजनैतिक अवकाश इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसके साथ ही कांग्रेस ने प्रदेश की अपनी नये अध्यक्ष के साथ टीम अभी तक खड़ी नहीं की। इससे साफ संदेश जाता है कि कांग्रेस के अंदर फूट है और कांग्रेस में सब ठीक नहीं चल रहा है। कांग्रेस नेताओं के नाराज होने का क्रम जारी है और यह विधानसभा चुनाव में टिकट बटवारे तक जारी रह सकती है। राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो पार्टियों में फूट,भगदड़ से राजनैतिक माहौल खराब होता ही है। इसके साथ ही चुनाव के समय इससे नुकसान भी होता है और यह क्रम दोनों दलों में जारी रहता है।

चुनावी साल में पार्टियों में 'बगावत' आम बात है और प्रजातंत्र की यह एक प्रक्रिया है। छोटे चुनाव हो या बडेे यह होता ही है। देश की प्रमुख पार्टियों पर सभी की नजरें रहती हैं, लेकिन चुनाव के समय सभी दलों में यह सब चलता रहता है।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के समय तो देश के प्रमुख दलों में अंतरकलह समान्य बात है और दलों में जुड़ने और टूटने का सिलसिला लगातार जारी रहता है। इसके फायदे और नुकसान चुनाव के समय दलों को होता है।

# चेहरा बेनकाब होने से विचलित है कांग्रेसः चौहान

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि महिला आरक्षण पर चेहरा बेनकाब होने के बाद कांग्रेस बिचलित है और अब महिला सशक्तिकरण के समर्थक होने का ढोंग रच रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि अगर, उप्र विस में महिला आरक्षण को लेकर चर्चा होती है तो इससे कांग्रेस परेशान क्यों है? सदन में नारी सशक्तिकरण पर चर्चा नही होगी तो फिर क्या होगी? उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला आरक्षण पर महिलाओं के खिलाफ वोटिंग कर देश भर मे खलनायक बन चुकी है और जनता के कोप को समझ कर बिचलित है।

उन्होंने कहा कि विधान सभा मे जन सरोकारों के मुद्दे पर बहस होती है और महिलाओं के विषय को उससे अलग नहीं किया जा सकता है। देश की आध ी आबादी के साथ हुए अन्याय पर चर्चा जरूरी भी है। एक और महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने वाली कांग्रेस अब महिला सशक्तिकरण पर प्रवचन भी कर रही है। जब मौका था तो कांग्रेस और उसके पिछलग्गु दलों ने पुरजोर विरोध जताया और राजनीति से बाज नही आये।

# भाजपा खोलेगी कांग्रेस की पोल!

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा महिला मोर्चा, मातृ शक्ति के साथ मिलकर विपक्ष द्वारा संसद में किए नारी अपमान की पोल खोलने जा रही है। जिले एवं मंडल स्तर तक आयोजित इस महाआक्रोश अभियान में जन आक्रोश सम्मेलन, पदयात्रा एवं पत्रकार वार्ता के माध्यम से जनप्रतिरोध दर्शाया जाएगा।

पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने देश की आधी आबादी के अधि कारों पर सीधा प्रहार किया है। इसी के विरोध में उत्तराखंड राज्य में व्यापक स्तर पर महिला जन आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पारित यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विपक्ष ने अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण इसका विरोध कर महिलाओं की

❑भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश में चलाएगी महाआक्रोश अभियान
❑महिला विरोधियों को जन अदालत में घसीटेगी महिला मोर्चा

आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे देशभर की महिलाओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 23 अप्रैल तक प्रदेशभर में महिला जन आक्रोश पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें हजारों महिलाएं भाग लेंगी और कांग्रेस के महिला-विरोधी रवैये के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगी। इसके साथ ही 22 से 30 अप्रैल तक जिला एवं मंडल स्तर पर महिला जन आक्रोश सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए विपक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। 19 से 25 अप्रैल के बीच प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रेस वार्ताओं का आयोजन कर कांग्रेस के नकारात्मक दृष्टिकोण को तथ्यों सहित उजागर किया जाएगा।

उन्होंने प्रदेश की सभी महिलाओं का आह्वान किया कि वह इस जन आक्रोश अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। अपने अधिकारों के समर्थन में एकजुट होकर आवाज उठाएं, ताकि महिला सशक्तिकरण के इस महत्वपूर्ण प्रयास को और अधिक मजबूती मिल सके।

## बदरीनाथ हाईवे दुरुस्त करने के लिए दिन रात चल रहा काम

चमोली(आरएनएस)। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने बदरीनाथ हाईवे का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हाईवे कुछ जगह पर खराब है जिसे ठीक करने के लिए दिन रात काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों को तेजी से गुणवत्ता के साथ यात्रा से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री भरत चौधरी ने कमेड़ा से बदरीनाथ धाम तक हाईवे का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचआईडीसीएल को संवेदनशील स्थानों पर तेजी से कार्य पूरा करने, मशीन व मैनपावर तैनात रखने के निर्देश दिए। बीआरओ के हाथीपहाड़ के क्षतिग्रस्त स्थलों पर सुधारीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा में किसी भी तरह की बाधा को तत्काल दूर करें। उन्होंने बदरीनाथ में मास्टर प्लान व यात्रा तैयारियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्त्वाल, एनएचआईडीसीएल के जीएम शादाब इमाम, पीआईयू के ईई योगेश मनराल, बीआरओ के अधिशासी अभियंता केटी राव, एसडीएम कर्णप्रयाग सोहन सिंह रागण आदि मौजूद रहे।

## गोलज्यू संदेश यात्रा पोस्टर का विमोचन

बागेश्वर(आरएनएस)। गोलज्यू संदेश यात्रा 29 अप्रैल को गरुड़ पहुंचेगी, जहां इसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्थानीय गोलज्यू मंदिर में यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया ने कहा कि गोलज्यू उपराखंड के आराध्य, ईष्ट और कुल देवता हैं तथा न्यायकारी देवता के रूप में उनकी गाथा विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि यात्रा के आगमन से पहले मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा और क्षेत्रवासियों से स्वागत में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की।वरिष्ठ समाजसेवी हरीश जोशी ने जानकारी दी कि यात्रा 29 अप्रैल को प्रात: 10 बजे गरुड़ पहुंचेगी। यहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया जाएगा। गरुड़ पुल के पास स्थित गर्भ गोलज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी, सुंदर बरोलिया, चंद्रशेखर बड़सीला, विपिन जोशी, नारायण सिंह भंडारी, पुजारी भोला दत्त पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बाल कल्याण समिति ने नाबालिग की सगाई रुकवाई

चमोली(आरएनएस)। जिला बाल कल्याण समिति ने पुलिस की मदद से गोपेश्वर के पास स्थित एक गांव में नाबालिग की सगाई रुकवा दी। समिति ने परिजनों की काउंसलिंग करते हुए उन्हें कानून की जानकारी दी और नाबालिग की पढ़ाई के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। किसी व्यक्ति ने बाल कल्याण समिति को सूचना दी कि गंगोलगांव में किसी नाबालिग की सगाई कराई जा रही है। नाबालिग की मां का पूर्व में निधन हो चुका है और पिता ने भी बच्चों को छोड़ दिया है। ऐसे में दादी उनका पालन पोषण कर रही हैं। सूचना पर जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र कुनियाल की टीम पुलिस के साथ गांव में पहुंची। दस्तावेजों की जांच करने पर लड़की नाबालिग निकली। इस पर समिति ने तुरंत सगाई रुकवा दी। समिति ने लड़की व लड़के दोनों पक्षों को बाल विवाह अधिनियम की जानकारी दी साथ ही बाल विवाह न कराने की शपथ भी दिलाई। नाबालिग को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उसे हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया। सगाई रुकवाने गई टीम में राकेश लाल, ममता भट्ट, अनीता सेमवाल, लक्ष्मी बोरा, बाल संरक्षण अधिकारी रजनी पंवर, चाइल्ड हेल्पलाइन से मनोज सिंह, बाल विकास से शोभा खत्री, वन स्टॉप सेंटर से रश्मी, रजनी कठैत शामिल रहे।

## एसआरटी परिसर के 18 कर्मचारी हुए नियमित

नई टिहरी(आरएनएस)। स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल में वर्षों से संविदा और दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को आखिरकार स्थायित्व का सहारा मिल गया है। परिसर में 18 कर्मचारियों का नियमितीकरण किया गया है। एसआरटी परिसर के निदेशक प्रो. एए बौड़ाई ने बताया कि कार्य परिषद से अनुमोदन मिलने के 18 कर्मचारियों का नियमतीकरण कर लिया गया है। नियमित किए गए कर्मचारी पिछले 18 से 20 वर्षों से विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे थे। इनमें तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर कार्यरत प्रयोगशाला सहायक, इलेक्ट्रीशियन, खेल सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं जो लंबे समय से अस्थायी व्यवस्था में कार्य कर रहे थे। इन कर्मचारियों का विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रयोगशालाओं के संचालन से लेकर तकनीकी और खेल गतिविधियों तक, इनकी भूमिका निरंतर बनी रही। लंबे समय से कर्मचारी संगठन और स्वयं कर्मचारी विश्वविद्यालय प्रशासन से नियमितीकरण की मांग कर रहे थे। इस संबंध में लगातार वार्ता और पत्राचार भी होता रहा। अब इस निर्णय के बाद कर्मचारियों के बीच संतोष का माहौल है। परिसर प्रशासन का मानना है कि कर्मचारियों के नियमित होने से कार्यक्षमता में सुधार आएगा और विभिन्न विभागों में मानव संसाधन की कमी भी काफी हद तक दूर होगी। इससे शिक्षण और शोध कार्यों को भी बेहतर आधार मिलेगा। नियमितीकरण होने पर कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह का आभार व्यक्त किया।

# पांच साल में भी नहीं बना मंदार का खाद्यान्न गोदाम

नई टिहरी(आरएनएस)। लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी और जिला खाद्य पूर्ति विभाग की लापरवाही जाखणीधार ब्लॉक के मंदार क्षेत्र के लोगों पर भारी पड़ रही है। करीब 99.48 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन खाद्यान्न गोदाम का निर्माण कार्य पांच साल से अधर में लटका हुआ है। निर्माण कार्य बंद होने से अब इसकी लागत बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने लोनिवि और खाद्य पूर्ति विभाग की लचर कार्यशैली पर सवाल उठाए है। दुर्गम क्षेत्र मंदार पट्टी के गांवों में खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने दिसंबर 2021 में गोदाम निर्माण को मंजूरी दी थी। 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले खाद्यान्न गोदाम का निर्माण कार्य स्वीकृति के पांच वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। जिससे खाद्यान्न गोदाम निर्माण पर सवाल उठने लगे है। मंदार गांव में वर्तमान में खाद्यान्न गोदाम किराये के भवन में संचालित हो रहा है जहां पर सीमित जगह के कारण खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण में दिक्कतें आ रही हैं। समस्या के समाधान के लिए सरकार ने स्थायी गोदाम निर्माण की स्वीकृति दी थी लेकिन कार्यदायी संस्था की सुस्त कार्यशैली के चलते यह योजना पांच साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की ओर से न तो निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी दिखाई जा रही और न ही इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की गई। इस गोदाम से मंदार, भटवाड़ा, सेमा, बडोन गांव, कस्तल, स्यूंरी सहित आसपास के कई गांवों में संचालित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों को राशन आपूर्ति की जानी है। गोदाम के अभाव में दुकानदारों को खाद्यान्न के भंडारण और वितरण में परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। जब पर्याप्त भंडारण सुविधा न होने के कारण खाद्यान्न के खराब होने का जोखिम बढ़ जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नया गोदाम समय पर बन जाता तो बरसात के दौरान होने वाली दिक्कतों से काफी हद तक राहत मिल सकती है। वर्तमान में अस्थायी व्यवस्था के भरोसे चल रही आपूर्ति प्रणाली कई बार बाधित भी होती है जिससे उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल पाता। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल का कहना है कि गोदाम निर्माण की उन्हें जानकारी नहीं है। कार्यदायी संस्था लोनिवि ही इस बारे में जानकारी देगा।

## 13 हजार की आबादी को पेयजल संकट से मिलेगी राहत

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। विकासखंड देवप्रयाग की 13 ग्राम पंचायतों के 26 राजस्व गांवों में वर्षों से पेयजल संकट झेल रही करीब 13 हजार की आबादी को अब राहत मिलने की उम्मीद है। पेयजल निगम देवप्रयाग ने उमरेश्वर-माछर पंपिंग पेयजल योजना की डीपीआर तैयार कर ली है जिसकी अनुमानित लागत करीब 26 करोड़ रुपये है। योजना के तहत पाली, महड़, किमखोला, आमणी, दुरोगी, कांडी गुसाईं, कोटी, छाम समेत 13 ग्राम पंचायतों की 13,317 आबादी को लाभ मिलेगा। इस योजना के लिए जल स्रोत अलकनंदा नदी को चुना गया है। करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबी इस पंपिंग योजना में पाली-किमखोला से माछर होते हुए कांडी टॉप-2 तक करीब साढ़े 3 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी जबकि पाली के पास फिल्टर प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव है। पेयजल निगम के अवर अभियंता शुभम ने बताया कि क्षेत्र के गांव पहले से पेयजल योजनाओं से जुड़े होने के बावजूद बढ़ती आबादी और अन्य कारणों से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी। नई योजना के निर्माण से इस समस्या का समाधान हो सकेगा। वहीं अधिशासी अभियंता डीआर बेलवाल ने बताया कि योजना की डीपीआर सर्किल से मुख्यालय भेजी जा चुकी है। कुछ आपत्तियां आई थीं उनका निराकरण किया जा रहा है।

## नेगीदा के गीतों की रही धूम, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। एचएनबी गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित विवि के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र के प्रेक्षागृह में आयोजित नरेंद्र संगीत सप्ताह के तीसरे दिन नेगीदा के गीतों की धूम रही। कार्यक्रम में रुद्रप्रयाग से आई दस वर्ष की आराध्या पुरोहित ने जै बदरी केदारनाथ गंगोत्री जै-जै, यमुनोत्री जै-जै गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से श्रीनगर पहुंचे कुंती दयाल फाउंडेशन के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता दिगमोहन नेगी ने समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाषा को संरक्षित करने के लिए ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि आज गढ़वाली गायन की पहली पाठशाला नरेंद्र सिंह नेगी हैं। साहित्यिक दृष्टिकोण से भी नरेंद्र सिंह नेगी के गीत दुनिया के साहित्य में अद्भुत हैं। कोरियोग्राफर अनिल बिष्ट ने नेगी की रचनाओं को गीत के साथ प्रस्तुत किया। चंडीगढ़ से पहुंचे गायक जितेन्द्र, हरिद्वार से आई रिंकी, धीरज सिंह असवाल, सुनील अणथ्वाल, शांति अमोली बिंजोला, सुमन देवशाली आदि ने भी नेगी के गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सहायक आचार्य डॉ. कपिल पंवार, गढ़कला सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष त्रिभुवन उनियाल, रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव केशर सिंह असवाल, पराज संस्था के डॉ. वीपी बलोदी, डॉ. नागेन्द्र रावत और संदीप नेगी आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। गंगाधर मैठाणी राजकीय महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं छात्रसंघ समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह रावत व विशिष्ट अतिथि कालीमठ वार्ड की जिला पंचायत सदस्य सरोज राणा ने किया। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक स्वरूप 50 हजार रुपये की नकद धनराशि दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही प्रतिभा का विकास होता है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। समारोह में मेघा, पायल, आदित्य, अंतरा सेमवाल, आयुष बिष्ट, साहिल रावत, रुचि, काजल सहित कई छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता, भाषण, खेलकूद एवं निबंध प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र संघ अधिकारी डॉ. गंगा राम वैश्किक ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गैड़ी, डॉ. योगिशा, डॉ. शादाब आलम, डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र, लोकगायिका रामेश्वरी भट्ट, आशीष राणा, विराट सौरभ भट्ट आदि मौजूद रहे।

# जगधार ग्राम पंचायत में सार्वजनिक आयोजनों में शराब रहेगी प्रतिबंधित

नई टिहरी(आरएनएस)। चंबा ब्लॉक का ग्राम पंचायत जगधार भी शराबंदी की मुहिम में शामिल हो गया। शादी-विवाह समेत सभी सार्वजनिक और धार्मिक आयोजनों में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत के इस फैसले के बाद अब पंचायत क्षेत्र में होने वाले किसी भी मांगलिक कार्यक्रम में शराब का सेवन या परोसना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। ग्राम पंचायत प्रधान अर्चना कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित खुली बैठक में गांव में बढ़ते शराब के प्रचलन और उससे उत्पन्न सामाजिक समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने माना कि शादी-विवाह आयोजनों में शराब का बढ़ता चलन सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है और कई बार विवाद व अप्रिय घटनाओं का कारण बनता है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पंचायत क्षेत्र में आयोजित किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम, शादी-विवाह या अन्य धार्मिक आयोजनों में शराब का सेवन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति बाहर से शराब पीकर भी आयोजनों में शामिल होता है तो उसे भी नियम उल्लंघन की श्रेणी में माना जाएगा। पंचायत ने नियमों को प्रभावी बनाने के लिए सख्त प्रावधान भी तय किए हैं। यदि कोई परिवार या व्यक्ति इन आयोजनों में शराब परोसता हुआ पाया गया तो उससे 11 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा। साथ ही ऐसे मामलों में सामाजिक बहिष्कार का निर्णय भी लागू किया जाएगा, ताकि गांव में इस नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए नशा मुक्ति का सामूहिक संकल्प लिया। ग्रामीणों का कहना था कि यह कदम आने वाली पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा और गांव में आपसी सौहार्द बनाए रखने में सहायक होगा। बैठक में बीडीसी सदस्य सुशील कुमार बहुगुणा, शांति कोठारी, टिकाराम, दीपक राज, विनोद, कृष्णा कोठारी, ओम प्रकाश, प्रदीप, मनोज, सुशील, खिलानंद, राकेश, सूरज कोठारी, अंजू, उर्मिला, सावित्री कोठारी अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# टॉइलट में मोबाइल का इस्तेमाल, सेहत के लिए खतरनाक

इन दिनों मोबाइल लोगों की ऐसी जरूरत बन गया है कि लोग एक मिनट के लिए भी अपने स्मार्टफोन के बिना नहीं रह पाते। इतना ही नहीं कई लोग ऐसे हैं जो टॉइलट में भी अपना फोन साथ लेकर जाते हैं। भले ही वे टॉइलट में बैठकर फोन पर बात न करें लेकिन टेक्सटिंग, मेसेजिंग, चैटिंग जरूर करते हैं। मोबाइल न सिर्फ हमारी कॉन्टैक्ट डायरी और फोटो ऐल्बम है बल्कि अब हमारा न्यूजपेपर भी बन गया है। एक समय था जब लोग न्यूजपेपर और मैग्जीन लेकर टॉइलट में जाते थे लेकिन अब वे स्मार्टफोन लेकर जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी यह आदत कितनी खतरनाक है। जब आप टॉइलट में मोबाइल फोन साथ ले जाते हैं तो कई तरह के जर्म्स और बैक्टीरिया आपके फोन पर चिपक जाते हैं। टॉइलट से बाहर निकलने से पहले आप तो अपने हाथ धो लेते हैं लेकिन चूंकि मोबाइल को आप धो नहीं सकते। ऐसे में जब आप दोबारा मोबाइल को छूते हैं तो फोन से चिपके बैक्टीरिया फिर से आपके हाथों पर चिपक जाते हैं जिससे आपके हाथ धोने का कोई फायदा नहीं होता और आप एक बार फिर जर्म्स के संपर्क में आ जाते हैं।पब्लिक टॉइलट्स में तो स्थिति और ज्यादा गंभीर है। जब आप अपने ऑफिस, किसी होटल या रेस्तरां का पब्लिक टॉइलट यूज करते हैं तो आपके साथ ही आपका मोबाइल फोन भी कई तरह के खतरनाक बैक्टीरिया के संपर्क में आ जाता है।मोबाइल फोन में बैक्टीरिया के पनपने का खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि अक्सर हमारा मोबाइल फोन इस्तेमाल के बाद गर्म हो जाता है जिससे बैक्टीरिया को जीवित रहने और विकास करने के लिए बेहतर गर्म वातावरण मिल जाता है। इसी मोबाइल फोन का इस्तेमाल हम खाना खाते वक्त भी करते हैं। इस दौरान हमारे हाथों में लगा तेल भी मोबाइल में लग जाता है। यह तेल भी बैक्टीरिया को बढ़ने में सहायता करता है।लिहाजा पुराने जमाने के तरीकों पर वापस लौट जाएं और टॉइलट में मोबाइल फोन ले जाने की जगह अखबार और मैग्जीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि न्यूजपेपर और मैग्जीन को हम रीयूज नहीं करते और एक दिन के बाद उन्हें रद्दी में फेंक देते हैं। या फिर सबसे बेस्ट तरीका है कि आप टॉइलट में खाली हाथ जाएं। अपने साथ कुछ न ले जाएं। कुछ मिनटों के लिए अपने दिमाग को खाली रखना भी जरूरी है।

# वजन घटाने में काफी सहायक है वॉटर फास्टिंग

वजन कम करने और शरीर से प्रदूषित तत्वों को बाहर निकालने के लिए फास्टिंग एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है. वॉटर फास्टिंग के दौरान कुछ लोग खाना छोड़ सिर्फ पानी का ही उपयोग करते हैं. यह अपनी जरुरत के हिसाब से अलग-अलग अवधी के लिए हो सकता है. जैसे शुरुआत में एक दिन फिर धीरे-धीरे इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है.

वॉटर फास्टिंग के दौरान सिर्फ पानी पिया जाता है. इस दौरान किसी भी तरह का खाना और अन्य  पेय पदार्थ प्रतिबंधित होते हैं. इस फास्टिंग के दौरान शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं. वजन कम होना, शरीर से प्रदूषित तत्वों का बाहर निकलना इनमें से मुख्य है. इसके अलावा कई तरह की बीमारियों और चोट पर भी इसका प्रभाव पड़ता है.

वॉटर फास्टिंग करने के मानसिक रूप से तैयार होना जरूरी है. शुरूआती दिनों में यह थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन धीरे-धीरे समय के साथ यह आदत में आ जाता है. इसके लिए जरूरी है कि आप दो से तीन दिन पहले से ही अपने आहार और अपनी दिनचर्या में अनुशासन के साथ जरुरी बदलाव लाएं.

शुरूआत में इसके लिए कम से कम दो लीटर पानी रोज पिएं. इससे आपके शरीर को पानी में मौजूद पौष्टिक तत्व ही मिलेंगे क्योंकि वॉटर फास्टिंग के दौरान पानी के अलावा कुछ और नहीं ले सकते. इसमें मौजूद तत्व आपके शरीर से गन्दगी और कीटाणु बाहर निकालने में सहायक होते हैं.

अगर आप चाहें तो इसमें नींबू के टुकड़े भी डाल सकते हैं. वॉटर फास्टिंग वजन घटाने में सबसे लाभकारी होता है. जानकारी के मुताबिक इसे करने से रोज करीब एक पौंड वजन घटता है और यदि आप वजन घटाने के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं तो इसे विशेषज्ञ की सलाह के मुताबिक करें.

# शरीर में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा या कम दोनों है नुकसानदेह




आम लोगों खासकर गठिया से पीड़ित रोगियों के मन में कैल्शियम को लेकर कई भ्रांतियां होती हैं। हड्डियों और जोड़ों से संबंधित हर बीमारी को कैल्शियम से जोड़कर देखा जाता है। हर टूटी हड्डी कैल्शियम की कमी की ओर ध्यान दिलाती है और हर दुखता जोड़ कैल्शियम खाने से ठीक होने की उम्मीद जगाता है। लेकिन कैल्शियम के बारे में कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है...

1. कैल्शियम की शारीरिक उपयोगिता

शरीर का 99 प्रतिशत कैल्शियम हड्डियों में स्टोर रहता है और उसी से आवश्यकतानुसार खून में घुलकर पहुंचता रहता है। खून में कैल्शियम की मात्रा 8.5 से 1०.2 डेसी लीटर बनाए रखना जरूरी है। इससे ज्यादा या कम दोनों स्थितियां शरीर पर बुरा असर डालती हैं। कैल्शियम कई स्थानों पर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हड्डियों और दांतों को शक्ति देने के अलावा तन्त्रिकाओं और मांसपेशियों के सुचारू रूप से कार्य करने से लेकर रक्त जमने तक में कैल्शियम की बड़ी भूमिका होती है। इसके अलावा वह सभी कोशिकाओं के अंदर कई केमिकल रिऐक्शन्स में भी हिस्सेदारी करता है।

2. कैल्शियम का विटमिन डी से संबंध

विटमिन डी, विटमिन कहलाने के बावजूद एक हॉर्मोन है। विटमिन नाम उन पदार्थों को दिया गया था जिनको मानव-शरीर अपने भीतर अमूमन निर्मित नहीं कर पाता और उसे इसके लिए बाहरी स्त्रोतों की आवश्यकता होती है। लेकिन बाद में यह पाया गया कि मनुष्य की त्वचा सूर्य के प्रकाश की सहायता से विटमिन डी संश्लेषित कर लेती है, इसलिए इसके लिए विटमिन नाम अनुकूल नहीं है। विटमिन डी का मुख्य काम कैल्शियम का आंतों द्वारा शोषण है। विटमिन डी की कमी होने पर शरीर में खाया गया कैल्शियम भी पाचन-तंत्र से खून में नहीं पहुंच पाता और मल में निकल जाता है। लेकिन विटमिन डी की कमी होने पर भी रक्त के नमूनों में कैल्शियम की मात्रा अमूमन सामान्य आती है, क्योंकि हड्डियों से आवश्यकतानुसार कैल्शियम ले लिया जाता है। ऐसे में कई बार जांच में यह पता नहीं चलता है।

3. कैल्शियम के खाद्य स्त्रोत

दूध और दूध से निर्मित वस्तुओं के सेवन से शरीर को अपनी आवश्यकता का कैल्शियम प्राप्त होता है। डेरी-उत्पादों के अलावा हरी पत्तेदार सब्ज़ियों, बादाम-इत्यादि मेवों, मछली में भी कैल्शियम भरपूर होता है। एक सामान्य व्यक्ति को प्रतिदिन लगभग 1 ग्राम कैल्शियम चाहिए होता है। एक पाव दूध उसे 25० मिली ग्राम मात्रा उपलब्ध कराता है। ऐसे में 4 गिलास दूध (यानी 1 लीटर) सेवन से उसे यह मात्रा प्राप्त हो सकती है। साथ ही 4००-8०० अन्तरराष्ट्रीय यूनिट विटमिन डी की भी आवश्यकता होती है जिसे डी-3 या कोलीकैल्सीफेरॉल के रूप में होना चाहिए। कैल्शियम और विटमिन डी की यह आवश्यकता बढ़ते बच्चों में गर्भावस्था के समय और स्तनपान के दौरान बढ़ जाती है और इसकी पूर्ति के लिए खुराक में कैल्शियम-विटमिन डी बढ़ाने के साथ-साथ उचित गोलियां ले लेनी चाहिए। बहुत सी कैल्शियम की गोलियों में विटमिन डी का एक दूसरा स्वरूप कैल्सीट्रायॉल मिलाया जाता है। ऐसा करने से अनावश्यक रूप से गोली का दाम बढ़ जाता है और कई बार गुर्दों में अतिरक्त कैल्शियम जमा होने की स्थिति भी पैदा हो सकती है, जिसे नेफ्रोकैल्सीनोसिस के नाम से जाना जाता है। ऐसे में इस तरह की कैल्सीट्रायॉल-युक्त गोलियों के सेवन से बचना चाहिए और इस बारे में अपने डॉक्टर से चर्चा करनी चाहिए।

4. बिना जरूरत बार-बार कैल्शियम की जांच न कराएं

खून में कैल्शियम की मात्रा की जांच कराना बार बार उचित नहीं होता है, क्योंकि इसमें कैल्शियम की मात्रा कम नहीं दिखेगी। अगर इसे कराना आवश्यक जान पड़े तो साथ में आयोनाइज्ड कैल्शियम की जांच करवाएं। खून के नमूने में मिलने वाला आयोन कैल्शियम ही दरअसल जैविक रूप से शरीर के काम आ रहा होता है। उसी के स्तर से यह जानकारी मिलती है कि उपलब्ध कैल्शियम वास्तव में कम है या नहीं।

5. गठिया रोग का कैल्शियम से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं

गठिया रोग का कैल्शियम से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। हड्डियों की बलिष्ठता और मांसपेशियों के सुचारू कार्यान्वयन के अलावा इनमें इसका कोई और विशेष महत्त्व नहीं है। गठिया-रोगों में डॉक्टर की सलाह से उचित व्यायाम के साथ सही दवाओं का सेवन ही उन्हें नियंत्रित रखने में कारगर है। साथ ही पित्ताशय या गुर्दे की पथरी होने पर अपने मन से कैल्शियम का सेवन जारी रखना या बंद कर देने का फैसला न लें।

## शब्द सामर्थ्य -007

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 06 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# बिंदास लड़की के प्यार में फंसे पहलवान अविनाश तिवारी

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की चर्चित फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करते हुए फैंस को उत्साहित कर दिया है। प्रशांत झा ने फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने मिलकर निर्माण किया है। इस फिल्म की पहली किस्त गिन्नी वेड्स सनी 2020 में रिलीज हुई थी, जिसमें यामी गौतम और विक्रांत मैसी मुख्य किरदार में थे।

गिन्नी वेड्स सनी 2 का ट्रेलर एक सीधे-साधे पहलवान लड़के और बिंदास लड़की के बीच बेमेल प्यार और शादी के ड्रामे के बीच घूमता है। इसमें पारिवारिक उम्मीदों, करियर, प्यार के बीच संघर्ष और कॉमेडी के साथ-साथ भावनात्मक पलों को दर्शाया गया है।



फिल्म के 2 गाने छाप तिलक और ऐ खुदा ने रिलीज होकर पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है। ये फिल्म 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है।

फिल्म में अविनाश तिवारी एक पहलवान के किरदार में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में उनका देसी अंदाज, अखाड़े की जिंदगी और दमदार व्यक्तित्व साफ झलकता है। उनका रफ-टफ लुक और सादगी भरा स्वभाव दर्शकों को आकर्षित करता है। साथ ही उनके किरदार में एक मासूमियत भी देखने को मिलती है, जो कहानी को भावनात्मक बनाती है।

वहीं मेधा शंकर पूरी तरह मॉर्डन और कॉन्फिडेंट किरदार में नजर आती हैं। उनका ग्लैमरस लुक, फैशन सेंस और बेबाक अंदाज ट्रेलर को एक नया रंग देता है। उनके किरदार में आज की स्वतंत्र सोच वाली लड़की की झलक दिखाई देती है, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीना चाहती है।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि अविनाश और मेधा की दुनिया बिल्कुल अलग है- एक तरफ देसी परंपराएं, तो दूसरी तरफ मॉर्डन सोच। जब ये दोनों एक-दूसरे के करीब आते हैं, तो कहानी में कई मजेदार और दिलचस्प मोड़ आते हैं। यही टकराव फिल्म की सबसे बड़ी खासियत नजर आती है।

ट्रेलर से साफ है कि गिन्नी वेड्स सनी 2' सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं, बल्कि परिवार, रिश्तों और बदलती सोच की कहानी भी है। फिल्म में हर वर्ग के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास रखने की कोशिश की गई है।

# पुलकित सम्राट की ग्लोरी' का टीजर रिलीज

पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स थ्रिलर ग्लोरी' का टीजर आज सामने आया है। रोमांस छोड़कर इस बार पुलकित बॉक्सिंग करते नजर आएंगे। टीजर को देखने के बाद फैंस इस सीरीज के लिए और पुलकित सम्राट को इस अंदाज में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं।

हरियाणा की ब्रूटल और इमोशनली चार्ज बॉक्सिंग की दुनिया पर आधारित ग्लोरी का टीजर पारंपरिक स्पोर्ट्स ड्रामा से इतर एक जटिल कहानी की ओर इशारा करता है। इसमें बदला, महत्वाकांक्षा और टूटे हुए रिश्ते आपस में टकराते हैं। 1 मिनट 11 सेकंड के इस टीजर में बॉक्सिंग, मर्डर, सस्पेंस, पॉवर और थ्रिलर देखने को मिलता है। टीजर में त्याग, बलिदान और कष्ट की बात की जाती है।

करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित ग्लोरी' में दिव्येंदु शर्मा और पुलकित सम्राट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा सीरीज में धुरंधर' फेम सुविंदर विक्की, आशुतोष राणा, यशपाल शर्मा और सिकंदर खेर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एटॉमिक फिल्म्स के तहत निर्मित ग्लोरी' 1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी।

पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा के लिए ग्लोरी' काफी अहम है, क्योंकि दोनों को अपने करियर में एक बड़ी सफलता की जरूरत है। पुलकित सम्राट के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार राहु केतु' में नजर आए थे। जबकि दिव्येंदु शर्मा आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई साली मोहब्बत' में नजर आए थे। उनकी आगामी फिल्म में राम चरण की पैन इंडिया फिल्म पेद्दी' भी शामिल है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# शहनाज गिल ने व्हाइट मरमेड स्कर्ट में सोशल मीडिया पर लगाई आग



पंजाबी एक्ट्रेस शहनाज गिल एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज से चर्चा में आ गई हैं। बिग बॉस 13 से घर-घर में पहचान बनाने वाली शहनाज ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट से फैंस का दिल जीत लिया।

सफेद रंग के खूबसूरत आउटफिट में उनका ग्लैमरस और एलिगेंट लुक दिखाई दे रहा है। साथ ही उनका पोज पूरे पर्सनैलिटी को और निखार रहा है। उनका ये लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे।

शहनाज ने इस फोटोशूट में व्हाइट कलर का स्टाइलिश आउटफिट पहना है। उनका पप्लम स्टाइल टॉप और नीचे फिटेड मरमेड स्कर्ट उन्हें एक परफेक्ट फिगर दे रही है।

उनके टॉप की नेकलाइन पर क्रिस्टल डिटेलिंग की गई है, जो इस आउटफिट की सबसे खास बात है। यह छोटा सा डिजाइन उनके पूरे लुक में एक ग्लैमरस टच जोड़ता है और सिंपल ड्रेस को भी हाई-फैशन बना रहा है।

शहनाज ने अपने बालों को खुले रखा है, जो हल्के वेव्स के साथ बहुत नैचुरल और सॉफ्ट लुक दे रहे हैं। उनके बालों का कट चेहरे को एक परफेक्ट फ्रेम दे रहा है।

उनका मेकअप सॉफ्ट ग्लैम स्टाइल में है। न्यूड बेस, हल्का ब्लश और बोल्ड रेड लिपस्टिक उनके लुक को बैलेंस कर रहे हैं।

शहनाज के रिंग्स बहुत स्टाइलिश हैं। उन्होंने मिनिमल एक्सेसरीज के साथ अपने आउटफिट को हाईलाइट किया है, जिससे उनका पूरा लुक क्लासी और एलिगेंट लग रहा है।

तस्वीरों में उनका कॉन्फिडेंस और पोज उन्हें शानदार बना रही है, जिसे देखकर फैंस उनपर जमकर प्यार लूटा रहे है।

शहनाज का ये लुक ग्लैमर और एलिगेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। उन्होंने अपने स्टाइल से इसे खास बना दिया है, जो फैंस के लिए इंस्पिरेशन बन सकता है।

# है जवानी तो इश्क होना है का सामने आया लुक, वरुण धवन-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज



वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म है जवानी तो इश्क होना है कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं।

वरुण ने अपनी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है के सेट से एक खास रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, इश्क सिर्फ एक बार होता है।

वरुण की इस तस्वीर पर जान्हवी कपूर ने मजाकिया कमेंट किया। जान्हवी ने लिखा, लेकिन आप कैप्शन में क्यों चिल्ला रहे हैं? जान्हवी कपूर और वरुण धवन पहले बवाल और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी जैसी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं।

है जवानी तो इश्क होना है फिल्म का शीर्षक फिल्म बीवी नंबर 1 के गाने इश्क सोना है से लिया गया है, जिसमें सलमान खान और सुष्मिता सेन ने अभिनय किया था। तस्वीर के बैकग्राउंड में 1999 की पुरानी फिल्म इश्क सोना है का गाना बज रहा है।

फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर ऋषिकेश से वरुण के साथ गंगा आरती की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पूजा हेगड़े की आखिरी फिल्म देवा थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था। वरुण धवन आखिरी बार बॉर्डर 2 में नजर आए थे।

## लोनिवि के सचिव पंकज पांडेय ने किया निरीक्षण

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग 107 का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी शेष कार्य अगले दो दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए। सचिव ने मार्ग से मलबे को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने देवीधार और रामपुर-खुमेरा खंड को सुरक्षित और सुगम बनाने, सोनप्रयाग स्लाइड जोन में जाली लगाने सहित सुरक्षा उपायों को भी तत्काल पूरा करने को कहा। सचिव पंकज कुमार ने कम चौड़ाई वाले स्थानों ब्यूंगगाड, कोर्खी और सितापुर क्षेत्र-में सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए। वहीं सिताबपुर के पास खराब मार्ग को दो दिन में गड्ढा मुक्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि यात्रा को देखते हुए सभी कार्य गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरे हों। इस दौरान अधिशासी अभियंता एनएच ओंकार पांडे, इंद्रजीत बोस, आरपी नैथानी और राजविंद सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन: चौधरी

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रापुरी के स्यालसौड़ में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन है और कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। सीमांत क्षेत्र अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीति की जानकारी मिलती है। प्रशिक्षण सत्र में विषय वक्ता विकास तिवारी ने सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को समझते हुए उसे सकारात्मक और रचनात्मक दिशा में उपयोग करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, संचालन समिति प्रमुख अरुण चमोली, महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, पंकज भट्ट, प्रवेन्द्र पंमी, अमित मैखंडी, त्रिभुवन नेगी आदि उपस्थित रहे।

## हरिद्वार में शंकराचार्य चौक का बदलेगा स्वरूप

हरिद्वार(आरएनएस)। शहर के प्रमुख शंकराचार्य चौक का स्वरूप अब पूरी तरह बदलने जा रहा है। चौराहे के मध्य स्थापित जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की प्रतिमा को गंगा तट पर स्थापित किया जाएगा। इस योजना के तहत विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संत समाज और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शंकराचार्य चौक से छह प्रमुख मार्ग विभिन्न दिशाओं में निकलते हैं। चौराहे के बीच स्थित प्रतिमा और ऊपर से गुजर रहे दिल्ली-देहरादून फ्लाईओवर के कारण यहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के तहत प्रतिमा को स्थानांतरित कर चौक के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है।

## सू- दोकू क्र.007

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.06 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# मौसम के बदलाव से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका

रुड़की(आरएनएस)। जिले में गर्मी का असर बना रहा। सुबह से ही तेज धूप निकली, हालांकि दोपहर बाद आसमान में हल्के बादल छा गए। बादलों के बावजूद तापमान में खास गिरावट नहीं आई और उमस बढ़ने से लोगों को असहजता का सामना करना पड़ा। दिनभर लोग पसीने से परेशान रहे।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते नजर आए, वहीं घरों और कार्यालयों में एसी व कूलर का सहारा लिया गया। उमस अधिक होने के कारण दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। कुछ लोग गर्मी से राहत के लिए गंगनहर घाट और आसफनगर माइनर पर पहुंचकर पानी में समय बिताते दिखे। बादलों से किसानों की बढ़ी चिंताआसमान में छाए बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय गेहूं की फसल की कटाई और मड़ाई का कार्य चल रहा है। ऐसे में बारिश होने पर फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है।

किसानों का कहना है कि कई जगहों पर फसल कटकर खेतों में पड़ी है और थ्रेशिंग का काम जारी है। यदि इस दौरान बारिश होती है, तो अनाज की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान वतन चौधरी, अशोक चौधरी, नरेश बालियान और यशपाल फौजी सहित अन्य किसानों ने बताया कि यह समय उनके लिए महत्वपूर्ण होता है, इसलिए मौसम में बदलाव को लेकर चिंता बनी हुई है। जिला मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भंडार ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द फसल को सुरक्षित स्थान पर रख लें, ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके।

## गैस के लिए घंटों की तपस्या, कई उपभोक्ताओं को लौटना पड़ा खाली

पौड़ी(आरएनएस)। जिला मुख्यालय में घरेलू गैस सिलिंडर की किल्लत ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सिलिंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों लंबी कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है बावजूद इसके कई लोगों को खाली हाथ ही घर लौटना पड़ा।

डीएम कार्यालय के समीप गैस वितरण के दौरान हालात और भी गंभीर नजर आए। बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलिंडर लेकर मौके पर पहुंचे और अपनी बारी सुनिश्चित करने के लिए घंटों पहले से ही लाइन में सिलिंडर लगा दिए। सड़क किनारे लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को काफी इंतजार के बाद सिलिंडर मिल पाया।

स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पुलिसकर्मी भी तैनात रहे, जो व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। कई उपभोक्ता सुबह से ही लाइन में खड़े रहे, जबकि कुछ लोग बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

उपभोक्ता लीला देवी, आंचल रावत, जावेद अहमद, मनवर सिंह और त्रिलोक बिष्ट ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गैस की आपूर्ति नियमित नहीं हो पा रही है जिससे यह समस्या पैदा हुई है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो दिक्कतें और बढ़ सकती हैं।

वहीं, जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण सभी को गैस उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। उन्होंने आश्वासन दिया कि छूटे हुए उपभोक्ताओं को जल्द ही सिलिंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## डॉ. अंबेडकर समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों के लिए रहे संघर्षरत- भट्ट

हल्द्वानी(आरएनएस)। डॉ. भीमराम अंबेडकर की जयंती पर भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। सांसद भट्ट ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास ना होने से विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। संगोष्ठी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता व सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर प्रकाश चंद्र मौजूदगी में संपन्न हुई। संगोष्ठी में नैनीताल की विधायक सरिता आर्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने विचार रखे। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, सह संयोजक जिला मंत्री प्रकाश आर्य व जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रविन्द्र बाली ने किया। संगोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, दर्जाधारी रेनू अधिकारी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा संजीव कुंवर, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, विनीत अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रगति जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक संजय पांडे, सह संयोजक रवेश साह, जिला आईटी संयोजक अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।

## प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का पीसीयू चेयरमैन ने किया स्वागत

काशीपुर(आरएनएस)। बाबा भुल्लन शाह मजार प्रबंध समिति के नवनियुक्त सदर (अध्यक्ष) जाकिर हुसैन समेत 13 सदस्यों का शनिवार को पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने अपने कार्यालय पर फूल मालाओं व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। राम मेहरोत्रा ने कहा कि सभी पदाधिकारी, भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नई समिति के सभी कार्यकर्ता पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से मजार, मस्जिद, मदरसे के रुके कार्यों को पूरा करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। वक्फ संख्या 448 मजार बाबा भुल्लन शाह मोहल्ला कटोराताल के वर्तमान अध्यक्ष हसीन खान की 15 सदस्य प्रबंध समिति कार्यरत है। बीते 10 फरवरी के अनुपालन में वक्फ संख्या 448 मजार भुल्लन शाह बाबा मोहल्ला कटोराताल के प्रबंधन के लिए उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने जाकिर हुसैन पुत्र अब्दुल करीम की अध्यक्षता में 13 सदस्य प्रबंध समिति की नियुक्ति की है। नवनियुक्त अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने पदभार मिलने पर कहा कि वह उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन, शाहनवाज हुसैन, वक्फ बोर्ड के सदस्य मोहम्मद हसन नूरी सभी का नवनियुक्त प्रबंध समिति आभार व्यक्त करती है। यहां उपाध्यक्ष अली हसन, सचिव शादाब, कोषाध्यक्ष नासिर अंजार, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद रफीक, दिलशाद, मोहसिन, मोहम्मद रफी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर गरजे कर्मचारी, निकाला जुलूस

अल्मोड़ा(आरएनएस)। पुरानी पेंशन बहाली (ओपीएस) की मांग को लेकर जिले के सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों ने रैली निकालकर विरोध जताया। कार्यक्रम की शुरुआत रैमजे इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित सभा से हुई, जिसके बाद कर्मचारी बाजार होते हुए चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क तक रैली के रूप में पहुंचे। सभा में विभिन्न ब्लॉकों से आए सैकड़ों कर्मचारियों और शिक्षकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्मिकों की मेहनत की कमाई को शेयर बाजार से जोड़ना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

उन्होंने एनपीएस और यूपीएस को कर्मचारियों के लिए नुकसानदेह बताते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग दोहराई और चेतावनी दी कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। सभा के बाद निकली रैली रैमजे इंटर कॉलेज से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए चौघानपाटा पहुंची। इस दौरान बाजार क्षेत्र में कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। चौघानपाटा में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गणेश भण्डारी और संचालन जिला मंत्री भूपाल चिलवाल ने किया। इस दौरान राजू महरा, कमलेश पांडे, हरेन्द्र रावल, मनोज जोशी, डॉ. धीरेन्द्र पाठक, जगदीश भण्डारी, डीके जोशी, जगदीश बिष्ट, रविशंकर गुसाई, भारतेन्दु जोशी, दीपशिखा मेलकानी, डॉ. कैलाश डोलिया, नितेश काण्डपाल, संजय भाटिया, दीपक तिवारी, दिगम्बर फुलोरिया, भारतेन्दु पंत, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, जीवन साह, तारा बिष्ट सहित अन्य कर्मचारी और शिक्षक मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मैक्स अस्पताल, देहरादून में भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेनि) की कुशलक्षेम जानी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



# पिरूल की तर्ज पर लैंटाना पर भी कार्य करने की जरूरतः बर्द्धन

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि  पिरूल की तर्ज पर लैंटाना पर भी कार्य किए जाने की जरूरत है।

आज यहां मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति की उच्चाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक के दौरान उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति के विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी समिति के समक्ष रखी गयी एवं विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी।

मुख्य सचिव ने अखरोट विकास कार्यक्रम के तहत् लगाए गयी अखरोट की पौध की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने सम्बन्धित प्रभाग के डीएफओ से इसका मूल्यांकन कर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा इससे होने वाले फलोत्पादन की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के मूल्यांकन से आगे की कार्ययोजना बनायी जा सकेगी।

मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत जापान के तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन से मृदा अपरदन नियंत्रण और अवसाद आपदा शमन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों को आपदा प्रबन्धन विभाग के साथ जापानी तकनीक के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को साझा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखण्ड में लैंड स्लाईड मिटिगेशन में सहायता मिल सकती है। मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत आजीविका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, क्लस्टर्स और राज्य स्तरीय फेडरेशन की क्षमता विकास, बाजार की उपलब्धता के साथ ही हैंड होल्डिंग किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पिरूल की तर्ज पर लैंटाना पर भी कार्य किए जाने की जरूरत है। इस अवसर पर पीसीसीएफ  कपिल लाल, सचिव डॉ. बी.वी.आर. सी पुरूषोत्तम एवं धीराज गर्ब्याल,  सी. रविशंकर, एपीसीसीएफ  नरेश कुमार, अपर सचिव  हिमांशु खुराना सहित वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# डम्पर की चपेट में आकर कार सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। डम्पर की चपेट में आकर कार सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरगढ रेशम माजरी निवासी शैलेन्द्र सिंह ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि  उसके पिता जसवंत सिंह अपनी कार से घर की तरफ आ रहे थे। जब वह स्वामी विवेकानन्द हास्पिटल के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे डम्पर चालक ने तेजी व लापरवाही से डम्पर चलाते हुए उसके पिता की कार को टक्कर मार दी जिससे उसके पिता की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन पुल का किया स्थालीय निरीक्षण

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने  मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने  मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त हुए पुल की कार्य प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल निर्माण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों का आवागमन होता है। उन्होंने कहा कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों ओर से  आवागमन के लिए वैली ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो  दूसरी ओर से भी शीघ्र ही पूर्ण होकर संचालित हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने  कहा कि इस स्थान पर स्थायी पुल का निर्माण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, जिसे आगामी 2 से 3 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों एवं पुलों के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण से संबंधित अनेक परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा एवं आदि कैलास यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक अवसंरचनात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

# हल्द्वानी-रामनगर में हुई चोरी का खुलासा, 6 गिरफ्तार

## ❑तीन बाइक बरामद, फरार चल रहे तीन वारंटी भी दबोचे

हमारे संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी-रामनगर क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से चुरायी गयी तीन बाइक भी बरामद हुई है।



जानकारी के अनुसार बीते 17 अप्रैल को सौम्य प्रकाश विद्यार्थी निवासी छोई, रामनगर द्वारा कोतवाली रामनगर में अपनी बाइक चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। चोरो की तलाश में जुटी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बीती शाम चोरी की मोटरसाइकिल को चोरपानी क्षेत्र से बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके नाम मयंक चौधरी पुत्र संजय चौधरी निवासी छोई, रामनगर, दिव्यांशु आर्या पुत्र नन्द किशोर निवासी किशनपुर छोई, रामनगर, विमल कुमार पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी छोई, रामनगर व योगेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र निवासी छोई, रामनगर बताया।

वहीं पुलिस ने हल्द्वानी क्षेत्र में बाइक चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास चोरी की दो बाइक बरामद की गयी है। आरोपियों के नाम योगेश कार्की उर्फ आयुष पुत्र देवेन्द्र सिंह कार्की निवासी पश्चिमी खेड़ा, गौलापार, काठगोदाम व विनय राणा पुत्र भुवन सिंह राणा निवासी देवखेड़ा, बनभूलपुरा, हल्द्वानी बताये जा रहे है।

# एसएसपी श्वेता चौबे ने किया यात्रा मार्ग का जमीनी निरीक्षण

संवाददाता

टिहरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा यात्रा मार्गों, प्रमुख पड़ाव स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का लगातार स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए।



आज यहां चारधाम यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद टिहरी गढ़वाल पुलिस द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा यात्रा मार्गों, प्रमुख पड़ाव स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का लगातार स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए। एसएसपी श्वेता चौबे द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख थाना/चौकी एवं पर्यटन पुलिस केंद्रों का गहन निरीक्षण किया गया उन्होंने पीपल डाली, चौकी दुगड्डा, पर्यटन बूथ मलेथा, चौकी भल्लेगांव, थाना देवप्रयाग, चौकी बछेलीखाल, आपदा राहत/पर्यटन पुलिस चौकी साकनीधार, चौकी ब्यासी, चौकी गूलर, चौकी शिवपुरी का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया गया। विशेष रूप से मुनिकीरेती क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को सुदृढ़ करते हुए 60 सीसीटीवी कैमरों एवं 12 आईपी आधारित पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम की स्थापना की गई है। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सुरक्षा के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण एवं त्वरित सूचना प्रसारण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान एसएसपी श्वेता चौबे द्वारा निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी यातायात प्रबंधन योजना लागू की जाए। सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। यात्रियों के प्रति शालीन, सहानुभूतिपूर्ण एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। भीड़भाड़ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। सीसीटीवी कैमरों एवं तकनीकी संसाधनों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे खुलेंगे श्री केदारनाथ धाम के कपाट



हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। आस्था और श्रद्धा के प्रतीक भगवान श्री केदारनाथ धाम के कपाट कल दिनांक 22 अप्रैल 2026 को प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ यात्रा 2026 का विधिवत शुभारंभ होगा।

कपाट खुलने के इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचेंगे तथा परंपरानुसार धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना में सम्मिलित होंगे। कपाट खुलने को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंच रहे हैं और बाबा के दर्शन के लिए उत्सुक हैं।

श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के

### ❑कपाट खुलने के शुभ अवसर पर शामिल होंगे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

लिए जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से सड़कों की मरम्मत एवं सुचारू यातायात व्यवस्था, पैदल मार्ग पर शौचालय, आवास, खान-पान एवं पेयजल की सुविधा, विद्युत एवं सोलर लाइट की समुचित व्यवस्था तथा प्रत्येक दो किलोमीटर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा सहायता केंद्र (एमआरपी) की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त, पैदल मार्ग तथा धाम क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए आधुनिक शौचालयों की व्यवस्था एवं गर्म पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हैं। यात्रा मार्ग एवं धाम क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सहज यात्रा का अनुभव मिल सके।

देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने यात्रा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है। राजस्थान से आए शेर सिंह, ऋषिकेश से सौरभ कालरा, देहरादून से ध्रुव, चमोली से पुष्पा बिष्ट एवं नरेंद्र बिष्ट तथा पौड़ी से आई सोनाली नेगी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने स्वच्छता, सुविधाओं एवं बेहतर प्रबंधन के लिए प्रशासन की सराहना की। उल्लेखनीय है कि कपाट खुलने से एक दिन पूर्व आज बाबा केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली धाम पहुंच रही है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति एवं आस्था का वातावरण चरम पर है।

# भाजपा नेता को चौकी बुलाकर की पिटायी!

हमारे संवाददाता

उद्यमसिंह नगर। खटीमा क्षेत्र में वन विभाग के कर्मियों और एक बीजेपी नेता के बीच हुए विवाद ने स्थानीय स्तर पर तूल पकड़ लिया है। बीजेपी अनुसूचित जनजाति चकरपुर मंडल के अध्यक्ष तथा ग्राम प्रहरी विपिन राणा पर वन रेंजर समेत तीन कर्मियों द्वारा कथित मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना शुक्रवार को तब हुई जब विपिन राणा को लकड़ी चोरी से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए वन चौकी बुलाया गया। उनके अनुसार, वन बीट अधिकारी का फोन आने के बाद वह चौकी पहुंचे। वहां बिना किसी पूछताछ के उनके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। इसके बाद उन्हें बूड़ाबाग कुटरा मार्ग से दोपहिया वाहन पर खटीमा रेंज ले जाया गया, जहां फिर से मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान उनका वीडियो बनाया गया और अन्य लोगों के नाम बताने का दबाव डाला गया। विपिन राणा ने पुलिस को दी तहरीर में स्पष्ट रूप से कहा, "मुझे एक वन बीट अधिकारी का फोन आया था। उन्होंने मुझे वन चौकी



बुलाया। जहां मेरे साथ बिना बातचीत के मारपीट कर दी। फिर जंगल में ले जाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही एक वीडियो भी बनवाई। मैं ग्राम प्रहरी हूं। ऐसे में मुझे लोगों को लकड़ी के बारे में जानकारी देनी पड़ती है, लेकिन मेरे साथ मारपीट की गई। मारपीट के बाद विपिन राणा की हालत बिगड़ गई। शनिवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के कर्मचारियों पर मारपीट, गाली-गलौज, आपराधिक षड्यंत्र और जान से मारने की धमकी के आरोप लगाए। शुरुआत में पुलिस की ओर से कोई तत्काल कार्रवाई न होने पर स्थानीय स्तर पर आक्रोश फैल गया। रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं, जनजाति मोर्चा, किसान मोर्चा, युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने खटीमा कोतवाली का घेराव किया। बहरहाल पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लूट की झूठी सूचना देने वाले युवक ने की आत्महत्या

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। लूट की झूठी सूचना देने वाले नशेड़ी युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं गृहक्लेश के चलते एक महिला ने भी आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव में 35 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नितिन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक लंबे समय से नशे का आदी था। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो शक हुआ। पड़ोसी की मदद से दीवार पार कर अंदर देखा गया, जहां युवक फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ दिन पहले युवक ने पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी थी, जिस पर पुलिस मौके तक पहुंची थी। हालांकि, नशे की हालत को देखते हुए उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इसके दो दिन बाद ही युवक ने आत्महत्या कर ली है।

आत्महत्या का दूसरा मामला सिडकुल थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरी इलाके का है। यहां रामधाम कॉलोनी में रहने वाली एक विवाहिता लता ने आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला का अपने पति के साथ अक्सर विवाद होता था। घरेलू कलह से परेशान होकर महिला ने यह कदम उठाया।

# श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जायेंगें

हमारे संवाददाता

चमोली। आज श्री नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ से पूजा-अर्चना पश्चात आदि गुरु शंकराचार्य जी की पवित्र डोली एवं श्री गरुड़जी की उत्सव मूर्ति विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रावल अमरनाथ नंबूदरी सहित श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती की उपस्थिति में श्री बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान हुई। आज देव डोलियां पहले पड़ाव योग बदरी पांडुकेश्वर पहुंच गयी। कपाट खुलने के अवसर हेतु केदारनाथ धाम रवाना हो चुके बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने श्री नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ से देवडोलियों के धाम प्रस्थान होने पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि धामों में यात्रा पूर्व तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने बताया कि ज्योतिर्मठ के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के साथ समारोह पूर्वक देवडोलियां धाम के लिए प्रस्थान हुई तथा स्कूली बच्चों ने दो किमी मार्ग तक देवडोलियों का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया। इससे पहले बीते शनिवार को ज्योतिर्मठ में तिमुंडिया वीर पूजन तथा गरूड़ छाड़ मेले में आगामी बदरीनाथ यात्रा के सफल शुभारंभ हेतु आशीष मांगा गया। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि बुधवार 22 अप्रैल को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव जी और श्री कुबेर जी, आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी के साथ बदरीनाथ धाम पहुंचेंगे जबकि श्री गरूड़ जी आज ज्योतिर्मठ से बदरीनाथ धाम पहुंचेंगी। इसके पश्चात 23 अप्रैल की प्रातः 6 बजकर 15 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसी क्रम में श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पदाधिकारी तेल कलश (गाडू घड़ा) के साथ ज्योतिर्मठ पहुंचे। तेल कलश 22 अप्रैल को बदरीनाथ धाम पहुंचेगा। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी सहित, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी, नगर पालिका अध्यक्ष देवेश्वरी शाह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधडी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के साथ धोखाधडी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 66 एटीएम कार्ड बरामद किये। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार प्रेमनगर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन सफेद रंग की वेन्यू को रोक कर चेक किया गया जिसमें सवार 3 व्यक्ति इमरान अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी डाबर तालाब संगम विहार गाजियाबाद, नसीरुद्दीन पुत्र बशीरुद्दीन निवासी वेलकम जफरा नॉर्थ ईस्ट दिल्ली चाणक्यपुरी, एवं मोहम्मद खालिद पुत्र हमीद निवासी लोनी गाजियाबाद की तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 66 एटीएम कार्ड बरामद हुए इसके संबंध में कोतवाली प्रेम नगर पर पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि वो अलग-अलग एटीएम में जाकर पहले एटीएम में आये सीधे साधे तथा बुजुर्ग लोगों को टारगेट करते थे जिसके उपरान्त उस एटीएम से पैसा निकालने वाले लोगों के पैसे न निकलने पर उनकी सहायता करने के बहाने उनका एटीएम पिन देख लेते हैं तथा उनके द्वारा पूछताछ में बताया कि उनके यहां 14 जून 2025 को हरबर्टपुर में एटीएम बदलकर बाबूगढ़ चुंगी वाले एटीएम से 50000 रूपये निकले थे जिस संबंध में कोतवाली विकास नगर को बताया गया है। उनसे अन्य घटनाओ के बारे में जानकारी की जा रही है, एवम सम्बंधित जनपद से इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी भी की जा रही है। प्रारम्भिक पूछताछ मैं इनके द्वारा लगभग 25 लाख रूपये से अधिक की धनराशि विभिन्न एटीएम पर विभिन्न लोगों से ठगे जाने की स्वीकारोक्ति की गई है जिसके सम्बन्ध में भी जांच की जा रही है। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*